“लीवर के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एक आंदोलन शुरू करने की आवश्यकता है”: लोकसभा अध्यक्ष

नई दिल्ली, 8 सितंबर 2020: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज संसद भवन में यकृत और पित्त विज्ञान संस्थान (आईएलबीएस) द्वारा प्रकाशित “इंडियन पार्लियामेंटेरियन जॉइन हैंड्स टु एलिमिनेट वायरल हेपटाइटिस” शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की।

रिपोर्ट जारी करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि लीवर के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एक आंदोलन शुरू करने की आवश्यकता है, ताकि यह संदेश जनता के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच जाए। श्री बिरला ने कहा कि संसद हमारे देश के 130 करोड़ लोगों की सामूहिक इच्छा का प्रतिनिधित्व करती है और सांसद इस आंदोलन की पहुंच को व्यापक बनाने में प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने आईएलबीएस को उसके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए बधाई दी और आशा व्यक्त की कि यह देश में लीवर रोगों के उन्मूलन के अपने प्रयास में सफल होगा।

इससे पहले विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर, आईएलबीएस द्वारा 28 जुलाई 2020 को संसद भवन में 'एम्पैथी कॉन्क्लेव 2020’ का आयोजन किया गया था, जिसमें कई संसद सदस्यों, चिकित्सकों और अन्य गणमान्य लोगों द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया गया था।